Titupati Balaji Group / Established 2009 / Ghaziabad
R.N.I No. UPBIL/2009/28691, DAVP Code: 101473

Page 8 / Price Rs. 2.00 / Ghaziabad, Sunday, 1 July 2018
Postal Registration No. UP/GBZ-80/2016-18

TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Vol./Year-10 Issue - 4

Hindi / English (Bi-Lingual) Weekly Ghaziabad
केन्द्र एवं उ0प्र0 सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

www.tbcgzb.com

News of the Week देश को झकझोर देने वाले बुराड़ी सामूहिक मौत कांड का राज अब मनोवैज्ञानिक परीक्षण से खुलेगा। जांच में जुटी दिल्ली की क्राइम ब्रांच मरने वाले सभी 11 लोगों का मनोवैज्ञानिक परीक्षण करना चाहती है।

Inside Ghaziabad

पेज नंबर 2
जीडीए में तीन कर्मचारियों के खिलाफ होगी जांच

पेज नंबर 5
Front wheel hanging over edge, Noida school...

TIRUPATIEYE

कैंसर पर जागरूकता कार्यक्रम 8 जुलाई को

गाजियाबाद : रोटरी डिस्ट्रिक 3012 के 11 क्लब व मैक्स अस्पताल वैशाली द्वारा ऑरल, थ्रोट, ब्रेस्ट व सरवाईकल कैंसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मैक्स अस्पताल में 8 जुलाई को सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक हेल्थ टॉक से जानकारी दी जाएगी। इस बात की जानकारी रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर के चार्टर प्रेजीडेंट डा.धीरज भार्गव ने दी।

दस तक होंगे राशन कार्ड के लिए आवेदन

गाजियाबाद : शासन के आदेश पर जिलापूर्ति विभाग ने राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिलापूर्ति अधिकारी सुनील ड्क्षसह ने बताया कि पात्र व्यक्तियों के राशनकार्ड शहरी क्षेत्र में जनसंख्या के सपोक्ष में 64.43 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्र में 79.56 प्रतिशत की अधिकतम सीमा में बनाए जाने का प्रावधान है। वर्तमान में ई–प्रणाली के जरिए पात्र व्यक्तियों को क्षेत्रीय खाद्य कार्यालयों और तहसीलों से दिए जाते हैं।

बारह झोलाछाप डाक्टरों को नोटिस

गाजियाबाद : स्वास्थ्य विभाग ने झोलाछाप डाक्टरों के खिलाफ बुधवार को अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने खोड़ा क्षेत्र में 12 डाक्टरों को नोटिस देते हुए सीएमओ कार्यालय में रजिस्ट्रेशन संबंधित कागजात उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। औचक निरीक्षण के दौरान कहीं किसी क्लीनिक पर डाक्टर नहीं मिले तो कहीं तो उनके परिवार वाले मिले। इन सभी को नोटिस दिया गया और तीन दिन में जवाब मांगा गया है।

रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर ने बांटी 235 यूनिफार्म

प्राथमिक विद्यालय साहिबाबाद में किया गया ड्रेस वितरण समारोह का आयोजन

साहिबाबाद : रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर द्वारा प्राथमिक विद्यालय साहिबाबाद में बुधवार को यूनिफार्म वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान रोटरी क्लब व मुख्य अतिथि पार्षद हिमांशु चौधरी ने विद्यालय के सभी 235 विद्यार्थियों को यूनिफार्म बांटी। जिससे बच्चों के चेहरे खिल उठे। रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर की आईपीपी रो. मनीषा भार्गव ने बताया कि हमारा उद्देश्य इस स्कूल को स्मार्ट स्कूल की तर्ज पर विकसित करना है। इसके लिए स्कूल में दो कंप्यूटर व एक प्रोजेक्टर के अलावा 12 पंखे, पानी की टंकी की व्यवस्था, सबमर्सिबल की सुविधा भी पूर्व में की जा चुकी है। वहीं क्लब के चार्टर प्रेजीडेंट डा.धीरज भार्गव ने कहा कि 2 जुलाई से स्कूल खुल गए थे लेकिन बच्चों के पास यूनिफार्म नहीं थी जिसके कारण सभी बच्चों को यूनिफार्म वितरित की गई। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में कंप्यूटर का ज्ञान भी अब बहुत जरूरी हो गया है इसके लिए स्कूल को दो कंप्यूटर व एक प्रोजेक्टर दिए गए थे। जिससे यहां के बच्चे भी कान्वेंट स्कूल की तर्ज पर पढ़ाई कर सके। इस दौरान प्रधानाचार्या मंजू रावत व अन्य अध्यापक मौजूद थे।

डा.धीरज बेस्ट रोटेरियन व मनीषा भार्गव प्लेटिनम अवार्ड से सम्मानित

गाजियाबाद : रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर की अध्यक्ष रो. मनीषा भार्गव को प्लेटिनम प्रेजीडेंट व चार्टर प्रेजीडेंट डा.धीरज भार्गव को बेस्ट रोटेरियन अवार्ड वर्ष 2017–18 डिस्ट्रिक 3012 से सम्मानित किया गया। रेडीसन ब्लू होटल में आयोजित एक कार्यक्रम में दोनों को डिस्ट्रिक गवर्नर रो.सतीश सिंघल ने सम्मानित किया। वहीं रो. संजीव भार्गव को भी प्लेटिनम सैकेटरी अवार्ड से सम्मानित किया गया। डा. धीरज भार्गव ने बताया कि उनके क्लब को प्लेटिनम अवार्ड, प्लेटिनम प्रेजीडेंट व प्लेटिनम सैकेटरी अवार्ड लगातार दूसरी बार दिया गया है। उन्होंने कहा कि डिस्ट्रिक 3012 के 87 क्लब व लगभग 2500 मैंबर के बीच बेस्ट रोटेरियन के अलावा क्लब को कई अवार्ड मिलना मेरे लिए खुशी की बात है और यह सम्मान सभी रोटेरियन के सहयोग से मिल पाया है। मैं सभी को इसके लिए धन्यवाद देता हूं।

Regional flights to 4 cities including Kannur and Hubli from Hindon airbase expected by October end

Ghaziabad : If all goes well, passengers to Kannur in Kerala, Hubli in Karnataka, Nashik in Maharashtra and Pithoragarh in Uttarakhand will have a direct air link from Ghaziabad by October-end. Officials of the Ghaziabad district administration are hopeful that the regional flights from the Hindon airbase can start from October this year. The airbase has been selected for operation of regional flights under the regional connectivity scheme of the Union ministry of civil aviation. The scheme will provide relief to the overburdened Delhi airport. Ghaziabad district magistrate Ritu Maheshwari has been nominated as the nodal officer for taking decisions on lease agreement with farmers and other infrastructure facilities, which are to be developed as part of the project. She said a draft of the memorandum of understanding (MoU) has been finalised and sent to the state government. "The MoU is to be signed between the UP government and the Airports Authority of India (AAI), which will develop the terminal facilities under the project. The infrastructure facilities such as connecting road and electricity supply will be provided by the UP agencies.

जीडीए में तीन कर्मचारियों के खिलाफ होगी जांच

गाजियाबाद : स्वर्णजयंतीपुरम प्लॉट पुनःआवंटन घोटाले में आरोपित लेखा अनुभाग के कर्मचारी सुरेंद्र कौशिक, प्रभात कुमार और सेवानिवृत अजय त्यागी के खिलाफ जीडीए में ही जांच होगी। शासन ने जीडीए उपाध्यक्ष को इस संबंध में पत्र भेजा है। यह कहा है कि तीनों की भर्ती जीडीए स्तर से हुई थी। लिहाजा इनकी जांच शासन नहीं कर सकता। जीडीए से ही होगी। इस मामले में जांच कमेटी बनाई जाएगी। स्वर्णजयंतीपुरम में 1998 से 2003 के बीच ग्यारह योजनाएं घोषित हुई थीं। जिसमें 1583 भूखंडों के आवंटन किए गए। किश्तों का भुगतान न होने और कुछ के परित्याग करने के कारण आवंटन निरस्त किए गए थे। फरवरी 2005 से फरवरी 2007 के बीच जीडीए ने उनमें से 137 प्लॉटों को दोबारा आवंटित कर दिया गया। प्राधिकरण बोर्ड का सदस्य होने के नाते पार्षद राजेंद्र त्यागी ने एक शिकायती चिट्ठी के आधार पर 2007 में दोबारा आवंटन पर सवालिया निशान लगाए थे। इस मामले की जांच में पूर्व वीसी डीपी ड्क्षसह और पूर्व ओएसडी हीरालाल समेत आठ कर्मचारी आरोपित हैं। इनके खिलाफ आरोप पत्र शासन को जा चुका है।

झगड़ा कर रहे दो युवक गिरफ्तार

गाजियाबाद : मुरादनगर की मोहल्ला कोट कॉलोनी में बुधवार रात को कमेटी के पैसे लेकर दो युवकों में जमकर लात घूसे चले। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर उनका शांतिभंग की धाराओं में चालान कर दिया है। कोट कॉलोनी निवासी रहीसुद्दीन व इमरान कमेटी डालते हैं। बुधवार रात दोनों के बीच कमेटी के पैसे को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि दोनों के बीच जमकर लात घुसे चले। इस दौरान किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने रहीसुद्दीन व इमरान को गिरफ्तार कर लिया है और जेल भेज दिया।

जीडीए इंदिरापुरम और राजनगर एक्सटेंशन में हटाएगा अतिक्रमण

गाजियाबाद : इंदिरापुरम और राजनगर एक्सटेंशन में लोग अतिक्रमण से परेशान हैं। वार्ड–99 के पार्षद अभिवन जैन सहित कई लोगों ने जीडीए में इस संबंध में शिकायत दी है। जीडीए ने आश्वासन दिया है कि अगले सप्ताह से अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। इंदिरापुरम और राजनगर एक्सटेंशन जीडीए के जिम्मे है। यहां की सफाई व्यवस्था और क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त रखना इनकी जिम्मेदारी है। लापरवाही के कारण दोनों क्षेत्रों में हरित पट्टियों और सड़क किनारे अतिक्रमण बढ़ रहा है। जिसकी वजह से स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही है। सड़क से गुजरने वाले जाम की समस्या झेल रहे हैं। पार्षद ने अपनी शिकायत में कहा है कि इंदिरापुरम के वैभवखंड में कुछ लोगों ने मार्केट के ओपन क्षेत्र में कुर्सी–मेज डालकर आसपास कई दुकानें खोल ली हैं। वहां बैठकर लोग शराब पीते हैं। जीडीए ओएसडी वीके सिंह ने बताया कि इंदिरापुरम और राजनगर क्षेत्र में लगातार अतिक्रमण की शिकायत मिल रही है। जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए वहां अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। जिससे लोगों की परेशानी कम हो।

दो जनसूचना अधिकारियों पर लगाया 25–25 हजार जुर्माना

गाजियाबाद : राज्य सूचना आयोग ने नगर निगम और जिला अधिकारी कार्यालय के जनसूचना अधिकारी पर 25–25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। ड्क्षचरजीव विहार निवासी वेदप्रकाश अग्रवाल ने नगर निगम से सात बिंदुओं पर वर्ष 2016 में सूचनाएं मांगी थीं। डस्टबिन कहां लगवाए गए, किस दर पर उनकी खरीद हुई, डस्टबिन का आकार क्या है? इस समेत कई सवाल पूछे थे। जिनका जवाब नहीं मिला। अपील दायर करने पर भी जवाब नहीं मिला। ऐसे ही जिला अधिकारी कार्यालय से चिरंजीव विहार सेक्टर–दो व तीन की समस्याओं से संबंधित 207 शिकायतों से जुड़ी जानकारी तीन प्रश्नों के माध्यम से मांगी थी।

डूडा ने ईडब्ल्यूएस फ्लैटों का किया सत्यापन तो निकली चौकाने वाली जानकारी, कई आवंटन होंगे निरस्त

गाजियाबाद : इंटिग्रेटिड हाउसिंग एंड स्लम डेवलपमेंट प्रोग्राम (आइएचएसडीपी) के तहत बनाए गए ईडब्ल्यूएस फ्लैट में रह रहे लोगों का सत्यापन डूडा ने शुरू कर दिया है। जिस फ्लैट में मूल आवंटी नहीं पाए जा रहे, उनका आवंटन निरस्त करने की कार्रवाई होगी। सत्यापन के शुरुआत में ही एक मामला सुदामापुरी लाला क्वार्टर में सामने आया है। मूल आवंटी तीन लाख रुपये में फ्लैट बेच कर चला गया। उसकी जगह दूसरा परिवार वहां रह रहा है। इस कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। डूडा को वर्ष 2006 में 1236 लाल क्वार्टर बनाने की केंद्र और राज्य सरकार से अनुमति मिली थी। इस योजना

पर 1836 करोड़ रुपये की लागत आई। वर्ष 2011–12 में क्वार्टर बनकर तैयार हो गए। लाल रंग के होने के कारण इनका नाम लाल क्वार्टर पड़ गया। झुग्गी में रहने वाले लोगों को दो कमरे का ईडब्ल्यूएस मकान आवंटित कर दिया गया। इसी योजना के तहत 2008 में अर्थला में 208 फ्लैट बनाने की स्वीकृति शासन ने दी। पिछले साल ही इनमें आवंटन हुआ है। पिछले महीने डासना में इसी योजना के तहत तैयार हुए 204 फ्लैट में आवंटन किए गए। अब डूडा तो मालूम हुआ कि जिन्हें फ्लैट आवंटित किए गए, वह वहां नहीं रह रहे। उनकी जगह कोई और फ्लैट में रह रहा है। इस शिकायत पर डूडा ने सुदामापुरी लाल क्वार्टर से सत्यापन शुरू कर दिया है। जिसमें शिकायत सही पाई गई है। मूल आवंटी अपना फ्लैट दूसरे को बेच कर चला गया। उस फ्लैट में दूसरा परिवार रह रहा है। कई फ्लैट लोग में किराय पर लोग रह रहे हैं। डूडा अधिकारियों के मुताबिक आवंटी को दिए गए आवंटन पत्र में स्पष्ट रूप से लिखा था कि वह फ्लैट को बेच नहीं सकते और किराय पर नहीं दे सकते। ऐसा करने पर आवंटन निरस्त किया जाएगा। इस शर्त का उल्लंघन करने वालों के आवंटन निरस्त किए जाएंगे।

अगस्त में शुरू होगा डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन का काम

गाजियाबाद : नगर निगम अगले महीने तक बचे हुए 18 वार्डों में डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन शुरू कर देगा। इसके लिए टेंडर की शर्तें निर्धारित करने का कार्य शुरू हो गया है। इस महीने तक ठेका छोड़ दिया जाएगा। ऐसा होने के बाद निगम क्षेत्र के प्रत्येक घर से कूड़ा उठना सुनिश्चित हो जाएगा। नगर निगम क्षेत्र में सौ वार्ड हैं। इनमें से 82 वार्डों में ही डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन की सेवा पिछले छह महीने से चल रही है। जिन वार्डों में यह सेवा नहीं है। वह मांग कर रहे हैं कि उनके यहां प्रत्येक घर से कूड़ा उठवाया जाए। उस आधार पर उन वार्डों में नगर निगम डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन सेवा देने के लिए प्रयास शुरू हुए हैं।

टेलीमेडिसिन सेवा से लैस होंगे हेल्थ सेंटर

गाजियाबाद : ग्रामीण इलाकों में लोगों को बेहतर इलाज मुहैया कराने के लिए टेलीमेडिसिन सेवा और मोबाइल हेल्थ यूनिट लगाने की कवायद शुरू हो गई है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने वाली विश फाउंडेशन इंडिया के प्रतिनिधियों ने बृहस्पतिवार को एक प्रपोजल बनाकर डीएम को सौंपा है। संस्था लोनी तहसील के प्राइमरी हेल्थ सेंटर और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को अपग्रेड कर मेडिसिन वेंडिंग मशीन और वीडियो क्रांफेसिंग के जरिए दूरस्थ विशेषज्ञ डाक्टरों से उपचार कराने का प्रस्ताव रखा है। इन स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीज की स्क्रीनिंग के लिए नेट से कनेक्ट क्योस्क मशीन लगाने की पेसकश की है। इस काम में करीब 25 करोड़ रुपये की लागत का अनुमान बताया गया है। आज भी गांवों में बेहतर इलाज का बेहद अभाव है। विशेषज्ञ डाक्टरों एवं संशाधनों की कमी के चलते लोगों को कोसों दूर शहर और महानगर इलाज के लिए जाना पड़ता है। सरकार लोगों को मौके पर बेहतर इलाज कराने के लिए प्रयासरत है। जिले के लोनी ब्लाक के सभी सरकारी मेडिकल सेंटरों की सेवा को बेहतर बनाने में सहयोग देने की संस्था की पेसकश पर प्रशासन की ओर से विचार किया जा रहा है।

घर के सामने पालतु कुत्ते ने गंदगी की तो चले लाठी डंडे

गाजियाबाद : मुरादनगर की बीचपटा कॉलोनी में घर के सामने पालतु कुत्ते द्वारा गंदगी करने को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। बीचपटा कॉलोनी निवासी ब्रजमोहन सिंह कुत्ता पालते हैं। बृहस्पतिवार सुबह वह अपने कुत्ते को घूमा रहे थे। इसी बीच कुत्ते ने गली में रहने वाले गंगाराम के घर के सामने गंदगी कर दी। इस बात को लेकर ब्रजमोहन व गंगाराम के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्ष में जमकर लाठी डंडे चले।

यशोदा फाउंडेशन से 18.50 लाख रुपये की होगी रिकवरी

गाजियाबाद : नेहरूनगर स्थित कामकाजी महिलाओं का हॉस्टल बगैर किरायानामा रजिस्टर्ड यशोदा फाउंडेशन को देने और सालों से किराया न वसूलने के मामले में जीडीए ने जांच पहले ही शुरू दी थी। अब 18.50 लाख रुपये की रिकवरी के लिए नोटिस जारी कर दिया गया है। हॉस्टल का कब्जा वापस लेने के निर्देश दिए गए हैं। पार्षद राजेंद्र त्यागी ने आरोप लगाया था कि जीडीए ने नियमों का उल्लंघन कर किरायानामा रजिस्टर्ड कराए बगैर 2010 में हॉस्टल यशोदा फाउंडेशन को दे दिया। यह आरोप भी लगाया कि फाउंडेशन ने एक साल का किराया अदा किया। बाद आठ साल से किराया लिए बगैर हॉस्टल उनके कब्जे में दे रखा है। किराया वसूली के लिए एक भी नोटिस फाउंडेशन को नहीं भेजा गया। ऐसे में अधिकारियों की लापरवाही के कारण 21 लाख 90 हजार 552 रुपये का नुकसान जीडीए को हुआ है। बकाया पर प्रति वर्ष 15 प्रतिशत ब्याज भी तय था, जो नहीं मिला। उस पर जांच शुरू होने के बाद जीडीए ने रिकवरी नोटिस जारी कर दिया है। संपत्ति अनुभाग को हॉस्टल का कब्जा वापस लेने के निर्देश दिए हैं।

म्यूचुअल फंड में करें निवेश, पाएं बेहतर लाभ : संजय नारंग

आरडीसी राजनगर स्थित एडीआर होटल में फाइनेंसियल इनवेस्टमेंट पर सेमिनार का हुआ आयोजन

रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर व एचडीएफसी म्युचुअल फंड ने मिलकर किया कार्यक्रम का आयोजन

गाजियाबाद : रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर व एचडीएफसी म्यूचुअल फंड द्वारा शनिवार को राजनगर स्थित एडीआर होटल में फाइनेंसियल इनवेस्टमेंट पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को म्यूचुअल फंड में निवेश से होने वाले फायदे के बारे में बताया गया। इस दौरान लोगों ने निवेश से संबंधित सवाल–जवाब भी किए। एचडीएफसी म्यूचुअल फंड के संजय नारंग ने सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि यदि आप बाजार में निवेश करना चाहते हैं और बाजार के उतार चढ़ाव से डरते हैं तो म्यूचुअल फंड के जरिए निवेश करना अच्छा विकल्प है। म्यूचुअल फंड का पैसा भी बाजार में ही लगता है लेकिन इसमें ये काम आपके लिए एक जानकार करता है जिससे जोखिम काफी कम हो जाता है। सेमिनार को संबोधित करते हुए रोटेरियन अमित कंसल ने कहा कि यदि आप अपने पैसे को दिन दोगुनी रात चौगुनी तरक्की करते देखना चाहते है तो म्यूचुअल फंड में निवेश करें। डायरेक्ट इनवेस्टमेंट की सबसे बडी खासियत यह है कि आप अपने पोर्टफोलियोपर खुद नजर रख सकते हैं। यदि आपने रिसर्च कर अपने लिए कुछ फंड चुने हैं तो आप खुद बाय या पर्चेज कर सकते है। आप चाहें तो इन फंड कंपनियों द्वारा दी जाने वाली सलाह की भी मदद ले सकते है। डायरेक्ट इनवेस्टमेंट में निवेशक को सब कुछ खुद करना होता है। जिसके कारण कुछ परेशानियां भी आती है। इस दौरान रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर की आईपीपी रो.मनीषा भार्गव, चार्टर प्रेजीडेंट डा.धीरज भार्गव, कुनिका भार्गव, प्रतीक भार्गव के अलावा रो..सुनील गौतम, रो.संजय भार्गव, रो.नीरज कुमार, रो.मनीष एंड नीतू भार्गव, दीपक सिद्वांत आदि मौजूद थे।

डा.धीरज भार्गव ने जन्मदिन पर कुष्ठ आश्रम में बांटी खाने–पीने की चीजें

गाजियाबाद : रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर के चार्टर प्रेजीडेंट डा.धीरज भार्गव ने 4 जुलाई को अपने जन्मदिन पर हिंडन नदी स्थित कुष्ठ आश्रम में खाने–पीने की चीजों का वितरण किया। रोटरी क्लब के चार्टर प्रेजीडेंट डा.धीरज भार्गव, पूर्व प्रेजीडेंट रो.मनीषा भार्गव, कुनिका भार्गव व प्रतीक भार्गव बुधवार सुबह हिंडन स्थित कुष्ठ आश्रम पहुंचे। यहां उन्होंने आश्रम में रहने वाले 65 परिवार को खान–पीने की चीजें बांटी। कुष्ठ आश्रम में 100 किलो आटा, दाल, चावल,चीनी, छोले के अलावा तेल व फलों का वितरण किया। डा.धीरज भार्गव ने बताया कि कुष्ठ आश्रम में 65 कुष्ठ रोगियों का परिवार रहता है। इस दौरान कुष्ठ रोगियों को कोई परेशानी न हो इसके लिए वे समय–समय पर आश्रम में खाने–पीने की चीजों का वितरण करते रहते है।

EDITORIAL

Kejriwal-Baijal tussle: The SC order puts the onus on AAP

For years now, Delhi's citizens have had to put up with the refrain that the problems that plague the city (and many do) can't be addressed by its elected government because the Lieutenant Governor won't allow it to. On Wednesday, a five-judge bench of the Supreme Court headed by the Chief Justice of India did its bid to resolve the impasse.

The apex court did not strike down a previous Delhi High Court verdict that gave the LG more powers. But it emphasised the need for collective responsibility – on the part of the LG and the ministers – for the effective administration of Delhi. The verdict lays down and interprets the broad constitutional contours governing the relationship between the LG and the elected government.

The Aam Aadmi Party's response to the judgement has been celebratory, but while the Supreme Court has acknowledged the primacy of the elected government of Delhi over the LG in the administration of the national capital, it is not as though it has handed the elected government untrammelled powers. The Centre, and, by extension, the LG, retains the power to legislate on the issues of land, law and order and police.

Still, the court has said the LG has to act on the aid and advice of the council of ministers and does not enjoy any independent decision-making power. Clearing the air surrounding the roles of the elected government and the LG, the court ruled that the "status of NCT of Delhi is sui generis, a class apart, and the status of the Lieutenant Governor of Delhi is not that of a Governor of a State, rather he remains an administrator, in a limited sense, working with the designation of Lieutenant Governor".

This reiteration of the constitutional scheme by the top court does not clarify everything, though. The five-judge bench has said that a smaller bench of two judges will decide on pending matters in which, because of a conflict between the government and the LG, resolution is pending. The Centre too, may seek a review of at least some parts of the ruling.

The seeds of this confusion between the LG and the elected government were sown by the 69 constitutional amendments in 1991 that created a legislative assembly and made a national capital of Delhi. While the idea of the amendment was to give a larger say to the people of Delhi in its governance, it gave rise to friction between the elected government and the LG. Another important ongoing issue is whether Delhi can be granted statehood. The bench categorically ruled out that option "under our present constitutional scheme". The elected government in Delhi may have more authority than it has had of late. But with power comes responsibility. It should have no further excuse to not get down to working on and finding solutions to problems that plague the capital.

-By Dr. Dheeraj Kumar Bhargava

समर्थन मूल्य और किसानों की दुविधा

मनीषा भार्गव

c/kkj को घोषित खरीफ की फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य सरकार का एक बड़ा दांव है। इस घोषणा में चार–पांच महत्वपूर्ण बातें छिपी हैं, जिसका विश्लेषण जरूरी है। पहली तो यह कि सत्तारूढ़ दल ने 2014 के चुनावी घोषणापत्र में यह लिखित वचन दिया था कि वह स्वामीनाथन आयोग की उस सिफारिश को सत्ता में आते ही लागू करेगी, जिसमें किसानों को सी–2 लागत (फसल की हर मद को जोड़ते हुए कुलजमा लागत) के ऊपर 50 प्रतिशत जोड़कर न्यूनतम समर्थन मूल्य देने की बात कही गई थी। दूसरी बात, 2015 में जब इस संदर्भ में एक जनहित याचिका सर्वोच्च न्यायालय में डाली गई, तब अपने जवाब में केंद्र सरकार ने एक शपथ पत्र दाखिल किया कि यह व्यावहारिक नहीं है और वर्तमान संसाधनों में संभव भी नहीं है। इसके दो अर्थ निकाले जा सकते हैं– एक, चुनावी वादा एक अलग चीज थी, दूसरा, इसे लागू करने की इच्छा के बावजूद उपलब्ध संसाधनों में इसे पूरा करना संभव नहीं था। इसलिए पूरे मामले ने यह मोड़ ले लिया कि पिछली सरकारों ने ऐसा नहीं किया। बार–बार यह कहा जाता रहा कि स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट काफी पहले आ गई थी, लेकिन उनकी सिफारिशों पर बिल्कुल अमल नहीं किया गया। मगर सच है कि बाद में भी यह नहीं किया जा सका। अभी तक इस मामले में ज्यादा नहीं हो सका, तो अगले बजट में भी कुछ नहीं किया जा सकेगा, क्योंकि वह आचार संहिता से पहले का बजट होगा। हां, इस बार बजट में स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने की बात कही जरूर गई, लेकिन उस वक्त अमल नहीं किया गया। कहा गया कि आगामी खरीफ से इस पर अमल होगा। इसलिए इस मौके पर उम्मीद बनना स्वाभाविक ही था। पहले आमतौर पर सी–2 लागत के ऊपर 10–12 प्रतिशत जोड़कर न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा होती थी। उसके मुकाबले सत्तारूढ़ दल ने 50 प्रतिशत की बात की, जिसकी चर्चा स्वामीनाथन आयोग में भी की गई है। मगर इन वर्षों में एक और चीज यह हुई है कि सी–2 लागत की परिभाषा ही बदल दी गई है। उसका नया बेंचमार्क नीचे कर दिया गया है। पिछले चार वर्षों में जितने समर्थन मूल्य घोषित किए गए हैं, उनमें केवल दो जिंसों यानी धान और गेहूं को छोड़कर सभी फसलों के बाजार मूल्य सभी आठों मौसम में समर्थन मूल्य के नीचे रहे हैं। जबकि समर्थन मूल्य की प्रतिबद्धता या आधार यह है कि यदि बाजार में समर्थन मूल्य के नीचे किसी जिंस की कीमत जाती है, तो सरकार किसी कीमत पर उस दाम को नीचे नहीं गिरने देगी और तय कीमत पर किसानों से खरीदेगी। कृषि लागत और मूल्य आयोग की रिपोर्ट में एक वाक्य सब बार–बार दोहराते हैं कि आशा की जाती है कि किसान को न्यूनतम समर्थन मूल्य से ऊंचा मूल्य प्रायरू मिलता रहेगा। यदि ऐसी स्थिति आती है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य से नीचे बाजार के भाव जाते हैं, तो सरकार उसकी खरीद के जरिए उतना भाव तो सुनिश्चत कराएगी ही। मगर इन चार वर्षों में यह भी नहीं मिला। यानी एक तो लागत का स्तर बदला गया, चार साल तक वादा पूरा नहीं किया गया, घोषित समर्थन मूल्य नहीं मिले, फिर अब किस आधार पर यह विश्वास किया जाए कि जो घोषणा की गई है, वह मूल्य किसानों को मिल जाएगा? न्यूनतम समर्थन मूल्य किसानों के हित में काम करता है। दरअसल, खेती की एक विशेष परिस्थिति है। उसका एक अलग स्वभाव है। सरकारी या निजी क्षेत्र में काम करने वाले तमाम श्रमिकों व कुशल कार्यकर्ताओं को एक निश्चित रकम तय अवधि में मिलती रहती है। यानी उसकी आय का स्रोत लगातार प्रवाहित होता रहता है। मगर किसानों के नगदी–प्रवाह में दिक्कत है। जिस दिन से वह खेत जोतकर बुआई की तैयारी करता है, तब से लेकर जब तक फसल नहीं आ जाती, उसके दोतरफा व्यय चलते रहते हैं। यानी खेती पर भी खर्च होता है और घर–परिवार पर भी, जबकि उसको आय छह महीने के बाद होती है। इन तमाम खर्चों और आय की प्रतीक्षा में किसानों की सहनशीलता जवाब देने लगती है।

आतंक की जड़ पर प्रहार का वक्त

प्रियंका जैन

gekjk देश लंबे समय से पाकिस्तान–प्रायोजित आतंकवाद के दंश झेल रहा है। अब वक्त आ गया है कि हम इसका तगड़ा प्रतिकार करें और पाकिस्तान को बता दें कि उसे अपनी नापाक हरकतों का खामियाजा भुगतना ही होगा। हम बीते कई वर्षों से लगातार कह रहे हैं कि यह पड़ोसी मुल्क आतंकियों की सुरक्षित पनाहगाह बना हुआ है और आतंकी हरकतों को बढ़ावा दे रहा है। लेकिन हुआ क्या? अब तो लगता है कि पाकिस्तान के साथ–साथ पूरी दुनिया भी हमारी शिकायतों को तवज्जो नहीं दे रही है। हम चीन के समक्ष भी उस सड़क निर्माण परियोजना को लेकर पर्याप्त दमदार तरीके से विरोध नहीं जता सके, जो पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से होकर गुजरने वाली है कि पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह को चीन से जोड़ेगी। यदि हमारा रवैया ऐसा ही ढुलमुल बना रहा और हम स्थितियों को यूं ही स्वीकार करते रहे तो हम यह उम्मीद नहीं कर सकते कि दुनिया पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की वापसी की हमारी मांग को गंभीरता से लेगी। अब तो भाजपा कश्मीर में पीपुल्स डेमोक्रेटिक फ्रंट (पीडीपी) के साथ गठबंधन में भी नहीं कि उसे महबूबा मुफ्ती की बातों की परवाह करनी पड़े, जो हमेशा पाकिस्तान के प्रति सद्भावना दिखाने की बात करती रही हैं। हालांकि इसके बारे में काफी कुछ लिखा व कहा जा चुका है, लेकिन अब समय आ गया है कि हम उन आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई करें, जो आतंकियों को प्रशिक्षित करते हैं, उन्हें हथियार मुहैया कराते हैं और कश्मीर में उनकी घुसपैठ कराते हैं। भारत जैसे विशाल आकार व रसूख वाले किसी भी देश को अपने हितों की सुरक्षा और सीमा पार आतंक को हमेशा के लिए रोकने के लिए यही करना चाहिए। हम लगातार उसी एक 'सर्जिकल स्ट्राइक का ढोल पीटते नहीं रह सकते, जो दो साल पहले पीओके में स्थित आतंकी ठिकानों पर की गई थी और जिसमें हम अपना लक्ष्य बखूबी साधने में सफल रहे थे। अब वास्तव में तमाम आतंक–प्रशिक्षण केंद्रों पर व्यापक रूप से औचक हमला करने की जरूरत है। हाल ही में पेरिस में हुई फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की बैठक में पाकिस्तान को आतंकियों की फंडिंग रोकने में विफल रहने के कारण ग्रे लिस्ट यानी संदिग्ध देशों की सूची में डालने का फैसला किया गया। 37 सदस्य देशों वाले एफएटीएफ ने माना कि पाकिस्तान में निर्बाध ढंग से आतंकी समूह चल रहे हैं और पाकिस्तान सरकार आंख मूंदे बैठी है।

Front wheel hanging over edge, Noida school bus narrowly escapes plunge into canal

Ghaziabad : A major accident was averted on Wednesday morning when a school bus carrying 10 children almost went over bank of a canal with its left front wheel hanging over the edge in Jewar area of Greater Noida. According to eyewitnesses, the incident took place around 7.30am on the Rabupura-Jewar route when the driver of the school bus lost control of the bus on the muddy road near the canal. The bus came to a halt at the brink of the canal, with its front wheel hanging over the edge. The bus belonged to Agrasen Public

School in Dayanatpur village of Jewar Kasba in Greater Noida."The bus was on its way towards Nagla Basona village in Jewar from Sigara village in Rabupura after picking up students from their residences. On the Rabupura to Jewar route, there is a muddy patch of road alongside the canal. A buggy was coming from the opposite side and the driver swerved the bus to the left to give way to the buggy. However, the muddy road alongside the canal collapsed under the weight of the bus," Navneet Goyal, managing director, Agrasen Public School, Jewar, said. Children, aged between 12 and 14 years, were rescued from the bus by bystanders. The bus was then pulled back from the canal. "We have all the documents of our buses in place," Goyal said, adding that no one was injured in the accident. "No one was injured. We brought all students to school safely and classes continued as usual," Goyal said. Police said that no case was registered in the matter. "By the time a police team reached the spot, the bus had already been pulled back and was on its way to the school. No case was registered as there was no accident," said SS Bhati, station house officer, Jewar police station. Jewar MLA?Thakur Dhirendra Singh also took cognizance of the incident on social media and said,"We expect action against irresponsible officers and contractors. Those responsible for putting lives in danger should be severely dealt with (sic)."

Temple? Burari wonders what to do with 'house of death'

Delhi : The Burari house in which 11 members of a family were found dead on Sunday stares at an uncertain future with a a few locals suggesting that a temple should replace the building. The deaths left many residents scared, a few tenants in the alley are contemplating relocation and local businesses are suffering because of the continued police presence. The neighbourhood continued to attract curious passersby even on Thursday as they would stop their vehicles to discuss the deaths and take photographs.

GZB family in Maruti 800 hit by speeding Honda City on EP expressway, one killed

Ghaziabad : One person was killed and six members of his family injured after their car was hit by a speeding Honda City sedan on the Eastern Peripheral Expressway (EPE) near Masuri, late on Sunday. The police identified the dead man as 28-year-old Rajesh Kumar. His wife Geeta and four minor children suffered injuries. The couple, their three children and another four children of Kumar's brother were enjoying a drive on the EPE in their Maruti 800 when the accident took place. "While they were taking a U-

